__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-  Class - V
Subject - Hindi Language  Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण

## विशेषण

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ विशेषण कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है । बच्चो, आज इस पाठ में हम 'विशेषण' के विषय में पढ़ेंगे । यह पाठ आपको 5 दिसंबर, 2022 को भेजा जाएगा ।

बच्चो ! विशेषण को अच्छे से समझने के लिए नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं समझें ।

1. पतला आदमी जा रहा है ।
2. दो आदमी आ रहे हैं ।
3. काली बिल्ली बैठी है ।
4. कुछ बिल्लियाँ दूध पी रही हैं ।

बच्चो ! इन वाक्यों को ध्यान से देखो, इनमें पहले और दूसरे वाक्यों में 'पतला' और 'दो' शब्द आदमी के लिए आए हैं, अर्थात् यह दोनों शब्द आदमी की विशेषता बता रहे हैं ।

अब अगले वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ो एवं समझो ।

_/_/_

Date-                Class- V
Subject- Hindi Language        Page-2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

∴ तीसरे तथा चौथे वाक्यों में आए 'काली' और 'कुछ' शब्द बिल्लियों की विशेषता बता रहे हैं।
इस प्रकार बच्चो!
ऐसे शब्द जो दूसरों की विशेषता बताते हैं, व्याकरण में विशेषण कहलाते हैं।

⊙ विशेषण की परिभाषा :- जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करें, वे विशेषण कहलाते हैं।
जैसे :- अच्छा, बुरा, काला, लाल, पीला, नया, पुराना, मोटा, पतला आदि।

विशेषण के चार भेद होते हैं -

∴ गुणवाचक विशेषण
∴ संख्यावाचक विशेषण
∴ परिमाणवाचक विशेषण
∴ सार्वनामिक विशेषण

* बच्चो विशेषण शब्द जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे विशेष्य कहलाते हैं।

जैसे :- नीता अच्छी लेखिका है।
अच्छी ↓ विशेषण
लेखिका ↓ विशेष्य

_/_/_

Date -                    Class - V
Subject - Hindi Language          Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

1. गुणवाचक विशेषण :- जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप, दशा, स्थिति, आकार, स्वभाव आदि की जानकारी मिले, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
कुछ गुणवाचक विशेषण इस प्रकार हैं।

- गुण – अच्छा, ईमानदार, सरल, विनम्र, बुद्धिमान आदि।
- दोष – बुरा, क्रूर, कठोर, झूठा, घमंडी, बेईमान आदि।
- रूप-रंग – लाल, नीला, पीला, चमकीला, सुंदर आदि।
- आकार – बड़ा, छोटा, लंबा, गोलाकार, चपटा आदि।
- स्वाद – मीठा, कड़वा, नमकीन, तीखा, खट्टा आदि।
- दशा / अवस्था – स्वस्थ, कमज़ोर, हलका, गरीब, रोगी, भारी, सूखा, बूढ़ा आदि।
- स्थान – ग्रामीण, भारतीय, विदेशी आदि।
- काल – प्राचीन, नवीन, सायंकालीन, आधुनिक, वार्षिक, मासिक आदि।
- स्थिति / दिशा – निचला, ऊपरी, उत्तरी, पूर्वी आदि।
- स्पर्श – मुलायम, सख्त, ठंडा, गरम, कोमल आदि।

गृहकार्य :- बच्चो आप इस पाठ के ध्यानपूर्वक समझकर विशेषण की परिभाषा एवं भेदों के नाम अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

Last page